भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3931

बुधवार, दिनांक 12 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>उत्तर प्रदेश में पीएम-एसजीएमबीवाई की प्रगति</u>

3931. श्री छत्रपाल सिंह गंगवार: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में विशेषकर बरेली जिले में प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएम-एसजीएमबीवाई) और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) उत्तर प्रदेश में इन योजनाओं के अंतर्गत कितने परिवार और संस्थान लाभान्वित हुए हैं; और

(ग) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश में विशेषकर बरेली जिले में सौर ऊर्जा आधारित सार्वजनिक अवसंरचना और ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए कोई अतिरिक्त पहल किए जाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) और (ख): उत्तर प्रदेश के नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्य एजेंसी, उत्तर प्रदेश नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (यूपीएनईडीए) ने बरेली जिला सहित उत्तर प्रदेश राज्य में पीएम सूर्य घर मुफ्त: बिजली योजना (पीएमएसजी: एमबीवाई) और अन्य नवीकरणीय ऊर्जा योजनाओं के तहत निम्नलिखित प्रगति की सूचना दी है:

क्र. सं	**योजना**	**उत्तर प्रदेश में हुई प्रगति**	**बरेली जिले में हुई प्रगति**
1	पीएमएसजी**:** एमबीवाई **(**आवासीय रूफटॉप सौर**)**	737868 (2484 MW)	29468 (98.17 MW)
2	गैर**-**आवासीय रूफटॉप सौर	10138 (475 MW)	9 (5 MW)
3	पीएम कुसुम **(**आईपीएस**)**	8654 (74.32 MW)	154 (1.66 MW)
4	उपयोगिता पैमाने पर सौर परियोजना	3081 MW	-

जबकि पीएमएसजी: एमबीवाई और पीएम कुसुम योजना क्रमशः प्रत्येक घरेलू परिवारों और किसान परिवारों को लाभान्वित करती है, गैर-आवासीय रूफटॉप संस्थानों को लाभान्वित करती है।

(ग): एमएनआरई की मौजूदा योजनाओं जैसे पीएमएसजी: एमबीवाई, पीएम कुसुम आदि के अलावा, उत्तर प्रदेश सरकार ने सौर ऊर्जा नीति-2022 भी घोषित की है। इस नीति में बरेली सहित उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में उपयोगिता-पैमाने की सौर परियोजनाओं, रूफटॉप सौर प्रणाली, सौर पार्क, भवनों के सौरीकरण और अन्य पात्र आवेदनों से सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने का प्रावधान है।

*****